# ALL INDIA CONGRESS COMMITTEE
# 24, AKBAR ROAD, NEW DELHI
# COMMUNICATION DEPARTMENT

**Kheti Bachao Yatra** **05 October, 2020**

**Shri Rahul Gandhi, Captain Amarinder Singh, Shri Harish Rawat, Shri Sunil Jakhar addressed farmers & public in Bhawanigarh, Sangrur today**

**श्री राहुल गांधी ने किसानों, खेत मजदूरों, आढ़तियों और अन्य जन सामान्य को संबोधित करते हुए कहा** –अमरिंदर सिंह जी, रावत जी, सुनील जाखड़ जी, स्टेज पर कांग्रेस पार्टी के हमारे सब सीनियर नेतागण, प्यारे कार्यकर्ता, भाईयों और बहनों, प्रेस के हमारे मित्रों, आप सबका यहाँ बहुत-बहुत स्वागत, नमस्कार।

6 साल से दिल्ली में नरेन्द्र मोदी जी की सरकार है और 6 साल से ये सरकार गरीबों पर, मजदूरों पर, किसानों पर एक के बाद एक आक्रमण कर रही है। इनकी आप सब पॉलिसीज देखिए, एक भी पॉलिसी इनकी गरीब जनता को फायदा पहुंचाने की नहीं है, किसान को मदद करने की नहीं है, मजदूर का हाथ पकड़ने की नहीं है। सब की सब पॉलिसीज, इनके तीन-चार चुने हुए मित्र हैं, उनके लिए बनाई जाती है।

आपसे कहा, नोटबंदी करेंगे, कालेधन के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे, 8 बजे रात को नरेन्द्र मोदी ने ये बोला। उसके बाद पूरा हिंदुस्तान जाकर लाइन में खड़ा हुआ, बैंक के सामने। बहुत सारे लोगों ने मान ली बात कि हाँ, कालेधन को मिटाने की कोशिश होगी । ऐसी धूप में पूरा हिंदुस्तान खड़ा हुआ। आपने अपना पैसा बैंक में डाला, नरेन्द्र मोदी जी ने आपका पैसा लेकर हिंदुस्तान के सबसे अमीर 5-6 अरबपतियों का कर्जा माफ किया। कालेधन पर कोई असर नहीं पड़ा, मगर आपने अपने पैसे से अडानी और अंबानी जैसे लोगों का कर्जा माफ किया।

उसके बाद नरेन्द्र मोदी जी कहते हैं जीएसटी लाएंगे। 12 बजे रात को दिन चेंज हुआ, जीएसटी ले आए। आप जाइए किसी भी क्षेत्र के दुकानदार से,किसी भी स्मॉल एंड मीडियम बिजनेस वाले से पूछिए- जीएसटी से क्या हुआ? आज तक छोटा दुकानदार जीएसटी को नहीं समझ पाया है। पांच अलग-अलग टैक्स, हर रोज कोई न कोई फॉर्म भरो। अडानी जी-अंबानी जी, उनको 10 अकाउंटेंट चाहिए तो 10, 50 चाहिए तो 50, हजार चाहिए तो हजार, मगर छोटा दुकानदार कहाँ से लाएगा अकाउंटेंट? छोटा व्यापारी कहाँ से लाएगा अकाउंटेंट? तो नोटबंदी, जीएसटी, छोटे व्यापारियों को, स्मॉल एंड मीडियम बिजनेस वालों को मारने का तरीका है। नरेन्द्र मोदी जी, अंबानी और अडानी के लिए रास्ता साफ कर रहे हैं, ये आपको समझना है। ये लोग नरेन्द्र मोदी जी की एडवर्टाइजिंग करते हैं, टीवी पर नरेन्द्र मोदी जी को टाइम देते हैं, उनकी मार्केटिंग करते हैं और नरेन्द्र मोदी जी इनके लिए जमीन साफ करते हैं, सीधा सा रिश्ता है।

कोरोना आया, हमने नरेन्द्र मोदी जी से कहा, गरीबों की मदद कीजिए। भूखे मजदूर हजारों किलोमीटर चल रहे थे, प्यासे थे, हमने नरेन्द्र मोदी जी से कहा-इनकी मदद कीजिए, कोई मदद

नहीं की। हमने कहा-छोटे व्यापारियों को बचाइए, स्मॉल एंड मीडियम बिजनेस हिंदुस्तान को रोजगार देता है, उनको बचाइए, नरेन्द्र मोदी जी ने कोई कदम नहीं उठाया और उसके बाद बिना कोई कारण हिंदुस्तान के सबसे अमीर लोगों का लाखों करोड़ रुपया माफ किया, उनका टैक्स माफ किया। रोजगार कौन पैदा करता है? रोजगार अंबानी जी- अडानी जी पैदा नहीं करते हैं। रोजगार छोटे बिजनेस वाले पैदा करते हैं, मिडिल साइज बिजनेस वाले पैदा करते हैं। दुकानदार पैदा करते हैं। इनको नरेन्द्र मोदी जी ने खत्म कर दिया है और आप देखना, मैं आपको गारंटी देकर कह रहा हूँ, आने वाले समय में ये देश अपने युवाओं को रोजगार नहीं दे पाएगा, क्योंकि नरेन्द्र मोदी जी ने रोजगार दिलवाने का सिस्टम नष्ट कर दिया है, खत्म कर दिया है।

नोटबंदी के बाद, जीएसटी के बाद, कोरोना के बाद, अब नरेन्द्र मोदी जी, जो हमारा फूड सिक्योरिटी का सिस्टम है, जो देश को भोजन दिलवाने का सिस्टम है, उसको नष्ट करने में लगे हैं। मैं आपसे पूछना चाहता हूँ, कोरोना फैल रहा है, लोग बीमार हो रहे हैं, हर परिवार में कोई न कोई बीमार हो रहा है, ये जो तीन कानून लाए हैं, इनको लाने की क्या जल्दी थी? इनको अगर लाना ही था, 6 महीने बाद, एक साल बाद क्यों नहीं लाए? जल्दी किस बात की, कोरोना के समय क्यों? इसका कारण- क्योंकि नरेन्द्र मोदी जी सोचते हैं कि अगर हिंदुस्तान के किसान और मजदूर के पैर पर कुल्हाड़ी मारें, कोरोना के समय अगर मारें, तो किसान और मजदूर घर से नहीं निकल पाएगा, मीटिंग नहीं कर पाएगा, लड़ नहीं पाएगा, इसलिए कोरोना के समय नरेन्द्र मोदी जी ने ये काम किया है। किसके लिए किया है? अडानी और अंबानी के लिए किया है। क्यों किया है? जमीन साफ करने के लिए।

देखिए, मंडी का सिस्टम है, फूड प्रोक्योरमेंट का सिस्टम है, पीडीएस का सिस्टम है, इस सिस्टम में कमियाँ हैं, इस बात को मैं भी मानता हूँ, अमरिंदर सिंह जी भी मानते हैं, कांग्रेस पार्टी भी मानती है। इस सिस्टम को मजबूत करने की ज़रुरत है और आगे लाने की जरुरत है, एमएसपी की गारंटी करने की जरुरत है, किसानों को इंफ्रास्ट्रक्चर देने की जरुरत है, और मार्केट बनाने की जरुरत है। नरेन्द्र मोदी जी ये नहीं कर रहे हैं, नरेन्द्र मोदी सिस्टम को मजबूत नहीं कर रहे हैं, आपको फल मंडियाँ नहीं दे रहे हैं, बेहतर पीडीएस नहीं दे रहे हैं, क्योंकि अगर नरेन्द्र मोदी जी बेहतर पीडीएस दें, एमएसपी गारंटी करें और मंडियां दें, तो अंबानी और अडानी पैसे नहीं कमा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी जी सिस्टम को नष्ट कर रहे हैं। जैसे जीएसटी से उन्होंने छोटे दुकानदारों को मारा, नोटबंदी से उन्होंने छोटे दुकानदारों, स्मॉल मीडियम बिजनेसेज को मारा, वैसे ही नरेन्द्र मोदी जी इन तीन कानूनों से किसान और मजदूर को मार रहे हैं, आपका गला घोंट रहे हैं।

होगा क्या, मैं आपको बताता हूँ। आपकी जमीन जाएगी, मंडियों में, पूरे हिंदुस्तान में मंडियों में लाखों लोग काम करते हैं, उधर सिर्फ किसान नहीं होते, उधर किसान होते हैं, नौकर होते हैं, मजदूर होते हैं, व्यापारी होते हैं, सर्वेंट्स क्वार्टर होते हैं, ये सारे के सारे लोग, लाखों लोग, करोड़ों लोग हिंदुस्तान में बेरोजगार होंगे और आज किसान मंडी जाता है और कोई पोडियम होता है तो वहाँ अपनी बात रख सकता है, अगर एक व्यापारी से बात नहीं होती, तो दूसरे व्यापारी से बात कर सकता है, अगर मंडी में मुश्किल आए, तो अगली मंडी में जा सकता है। कल किसान के सामने एक ओर अंबानी होगा, दूसरी तरफ अडानी होगा और किसान के पास दो ही च्वाइस होंगी, या आप अडानी के पास जाओ या आप अंबानी के पास जाओ। क्या आप इनसे लड़ सकते हो? क्या आप उनसे बातचीत कर सकते हो? क्या आप उनके खिलाफ केस लगा सकते हो, बिल्कुल नहीं, आप नहीं कर पाओगे, आप खत्म हो जाओगे और ये है नरेन्द्र मोदी जी का लक्ष्य।

जो लोग सोचते हैं कि इससे सिर्फ किसान को नुकसान होगा, जो लोग सोचते हैं इससे सिर्फ मजदूर का नुकसान होगा, उसको हिंदुस्तान के भोजन के सिस्टम की समझ ही नहीं है, क्योंकि जैसे ही अंबानी जी ने- अडानी जी ने हिंदुस्तान के कृषि के सिस्टम को पकड़ लिया, वैसे ही हर परिवार को भोजन के लिए, खाने के लिए दुगना, तिगुना दाम देना पड़ेगा। ये आक्रमण सिर्फ किसानों पर नहीं आ रहा है और मैं यहाँ सिर्फ किसानों के लिए नहीं खड़ा हूँ, मैं सिर्फ किसानों औऱ मजदूरों के लिए नहीं खड़ा हूँ, मैं हिंदुस्तान की पूरे की पूरी जनता के लिए खड़ा हूँ, क्योंकि नुकसान सिर्फ किसान का नहीं, नुकसान सिर्फ मजदूर का नहीं, नुकसान पूरे देश का होने जा रहा है।

अंग्रेजों से हम लड़े थे, किसलिए लड़े थे? उन्होंने हमारा भोजन कंट्रोल कर दिया था। जिसका भोजन कंट्रोल हो जाता है, उसकी आजादी गायब हो जाती है, खत्म हो जाती है। ये तीन कानून हिंदुस्तान की आजादी छीनने के कानून हैं। ये कानून सिर्फ किसान के खिलाफ नहीं है, मजदूर के खिलाफ नहीं है, छोटे दुकानदार के खिलाफ नहीं हैं, ये कानून हिंदुस्तान के खिलाफ हैं और इसलिए कांग्रेस पार्टी पीछे नहीं हटने वाली और नरेन्द्र मोदी जी, आपको समझना पड़ेगा, हिंदुस्तान के किसान की शक्ति, मजदूर की शक्ति आपको हम समझाने जा रहे हैं। आप ये मत सोचिए, कोरोना का समय है, किसान घर बैठ जाएगा, मजदूर घर बैठ जाएगा, नहीं! किसान, मजदूर, सब के सब सड़क पर आएंगे, आपकी सरकार से लड़ेंगे और इन कानूनों को रद्द करके दिखाएंगे।

आप सब आए, दिल से आपका धन्यवाद करता हूँ। धूप में आप आए, कोरोना के समय आप आए, दिल से आप सबका धन्यवाद करता हूँ।

नमस्कार!

जय हिंद!

**Sd/-**
**(Dr. Vineet Punia)**
**Secretary**
**Communication Deptt,**
**AICC**